Dainik Bhaskar

SBI Card and Eternal launch co-branded 'Eternal SBI Card'

Date: 16/10/2026| Edition: Meerut | Page: 15 | Source: Bureau

दैनिक भास्कर

एसबीआई कार्ड और इटर्नल ने सह-ब्रांडेड 'इटर्नल एसबीआई कार्ड' लॉन्च किया

भास्कर समाचार सेवा

मेरठ। भारत में केवल क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और इटर्नल लिमिटेड (जिसे पहले जोमैटो लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज इटर्नल एसबीआई कार्ड को लॉन्च करने और इसके लिए 'अर्ली एक्सेस' ('पहले पहुँच') की सुविधा शुरू करने की घोषणा की।



यह एक सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे इटर्नल और इससे जुड़ी कंपनियों की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। यह इस श्रेणी के शुरूआती कार्डों में से एक है, जो एक ही इकोसिस्टम के अंतर्गत कई ब्रांडों पर तुरंत छूट प्रदान करता है। इससे ग्राहकों को रोजमर्रा की खरीदारी पर अधिक लाभ मिलेगा और इटर्नल समूह के ब्रांडों के अलावा भी कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे। ग्राहक अब जोमैटो, ब्लिंकिट और डिस्ट्रिक्ट ऐप्स के माध्यम से पहले आवेदन करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। 22 अक्टूबर 2026 से चरणबद्ध तरीके से कार्ड उपलब्ध होने पर उन्हें आवेदन करने के लिए आमंत्रण भेजा जाएगा। एसबीआई कार्ड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सलिला पांडे ने कहा, 'एसबीआई कार्ड हमेशा से अपने ग्राहकों की अलग-अलग जीवनशैली और पसंद के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहा है, ताकि उन्हें अधिकतम लाभ और बेहतर अनुभव मिल सके। इटर्नल के मुख्य वित्तीय अधिकारी, अक्षांत गोयल ने कहा, 'हर दिन का अधिकतम लाभ उठाएँ' इसी मूल सोच पर इटर्नल एसबीआई कार्ड तैयार किया गया है।